हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
नवाबगंज, कानपुर – 208002, उ.प्र., भारत
HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY
NAWABGANJ, KANPUR - 208002, U.P., INDIA
(Formerly Harcourt Butler Technological Institute, Kanpur)
Phone : +91-0512-2534001-5, 2533812, website : http://www.hbtu.ac.in, Email : vc@hbtu.ac.in

100 YEARS
1921 - 2021

पत्रांकः 568 /शैक्षिक/तृतीय दीक्षान्त समारोह/2021 दिनांकः दिसम्बर 20 , 2021

प्रिय छात्र/छात्रा

....

आपको अत्यन्त हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर के सत्र 2020–2021 में बी0टेक0, एम0टेक0 (पूर्णकालिक/अंशकालिक) एवं एम0सी0ए0 के उत्तीर्ण छात्रों हेतु तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक दिसम्बर 27, 2021 को अपरान्ह 02.00 बजे से शताब्दी भवन, पश्चिमी प्रांगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है। बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पदक प्राप्तकर्ता छात्र–छात्राओं को पदक एवं उपाधियाँ माननीया श्री राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रदान की जायेंगी।

सभी को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित पोशाक (ड्रेस) जिसमें छात्रों को सफेद कुर्ता–पैजामा एवं छात्राओं को सफेद सलवार–सूट में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उक्त के साथ ही परिधान (उत्तरीय एवं साफा) आपको विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

परिधान (उत्तरी एवं साफा) हेतु रू0 500/– का शुल्क देय होगा तथा उक्त परिधान छात्र–छात्रा अपने साथ ले जा सकेंगे। उक्त शुल्क ऑफलाइन/ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। ऑफलाइन हेतु छात्र–छात्रा भौतिक रूप से उपस्थित होकर वित्त विभाग में नकद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं या "Finance Controller, HBTU Kanpur" के नाम बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा अपने पंजीकरण की प्रति के साथ बैंक ड्राफ्ट संलग्न कर अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर 208002 को स्पीड–पोस्ट द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 पोर्टल लिंक http://103.110.49.5/slogin.aspx के माध्यम से दिनांक 08.12.2021 से दिनांक 20.12.2021 के मध्य ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते हैं।

इसके साथ ही पदक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को समारोह में सम्मिलित होने के लिए आर0टी0पी0सी0आर0 की निगेटिव रिपोर्ट (24 से 48 घंटे के मध्य की रिपोर्ट मान्य) अनिवार्य होगी। अतः छात्र–छात्रायें निगेटिव रिपोर्ट के साथ उपस्थित हों। विश्वविद्यालय परिसर में भी दिनांक 25.12.2021 एवं 26.12.2021 को प्रातः 11:30 बजे से आर0टी0पी0सी0आर0 टेस्ट कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागियों को अनिवार्य रूप से रिहर्सल में सहभाग करना होगा जो दिनांक 26.12.2021 को अपरान्ह 12:30 बजे नियत किया गया है। सभी उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रायें दिनांक दिसम्बर 27, 2021 को अपरान्ह 01.00 बजे तक शताब्दी भवन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित समय के बाद तथा बिना पोशाक एवं उत्तरीय धारण किये छात्रों का सभागार में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

पदक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को दीक्षान्त समारोह में माता–पिता अथवा पति/पत्नी को सम्मिलित करने हेतु पूर्वानुमति आवश्यक होगी। ये पूर्वानुमति सीमित संख्या में daa@hbtu.ac.in पर प्राप्त की जा सकेगी।

कृपया उपरोक्त समारोह में सम्मिलित होने हेतु विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर दीक्षान्त समारोह के टैब में Google Registration Form Link https://forms.gle/J8kmckcah4wq51oo6 दिनांक 08.12.2021 से 20.12.2021 के मध्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप